NT>

Title: Need for early conversion of railway line between Kuda and Dhagandhra into broadgauge.

श्रीमती भावना कर्दम दवे (सुरेन्द्रनगर): गुजरात राज्य का सुरेन्द्रनगर जिला क्षेत्र हिंदुस्तान की कुल नमक पैदाइश का ६० प्रतिशत नमक पैदा करता है। इस बात को ध्यान में रखकर कुडा से ध्रागांध्रा रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज करने का निर्णय किया गया है जिससे नमक का वितरण देश में आसानी से हो पाए। जहां तक हमारी जानकारी है इस गेज कन्वर्जन के काम के लिए रेल विभाग, गुजरात सरकार और साल्ट डिपार्टमेंट को अपना निश्चित हिस्सा देना तय हुआ है। रेल विभाग और गुजरात सरकार ने अपने बजट में प्रावधान कर दिया है लेकिन साल्ट डिपार्टमेंट के विलम्ब के कारण पूरा प्रोजेक्ट रूका पड़ा है। सरकार से मेरा अनुरोध है कि साल्ट डिपार्टमेंट के विलम्ब का कारण जानकर इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए साल्ट डिपार्टमेंट को उनको हिस्सा पहुंचाने के लिए जल्दी सूचना जारी करें।